सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2025/710 दर्ज तिथिः— 26.09..2025

1. मेहराराम पुत्र उकाराम
2. गणपतराम पुत्र उकाराम
3. गोदाराम पुत्र उकाराम
4. नरसीराम पुत्र उकाराम
5. उकाराम पुत्र गोकला

जाति कलबी साकिन ढीमडी तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

...........प्रार्थीगण

**बनाम**

1. अशोक कुमार पुत्र मालाराम
2. दुर्गाराम पुत्र मालाराम
3. कमलकिशोर पुत्र मालाराम
4. केशाराम पुत्र मालाराम
5. पेम्पोदेवी पत्नी मालाराम
6. जेठाराम पुत्र सालूराम
7. जैसाराम पुत्र सालूराम
8. रामू पुत्र सालु
9. उरजाराम पुत्र सालू
10. चुतराराम पुत्र सालू
11. देदाराम पुत्र भेराराम
12. देरामाराम पुत्र भेराराम
13. पुरखाराम पुत्र रामूराम
14. आम्बाराम पुत्र रामूराम
15. वागा पुत्र खेता
16. कवराराम पुत्र घमण्डाराम
17. खेतू देवी पुत्री मुला जाति जाट
18. राजोदेव पुत्री भला
19. बाबुराम पुत्र डालूराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.01.06 16:05:24 IST
Reason: SelfAttested

20. राउ पुत्र घमण्डा जाति जाट निवासी ढीमडी
21. चिमाराम पुत्र जगराम जाति मेघवाल निवासी ढीमडी
22. इन्दुदेवी पत्नी महादेवाराम जाति कलबी निवासी सिंधासवा हरनियान
23. ममता बेन पत्नी प्रभूराम जाति कलबी निवासी झोटड़ा
24. फगलूराम पुत्र पेमाराम जाति कलबी निवासी झोटड़ा
25. सरीफाबानो पत्नी कासमखान कुम्हार
26. गुमानगर पुत्र चेतनगर जाति गोस्वामी
27. भगागर पुत्र चेतनगर जाति गोस्वामी निवासी ढीमडी
28. चुनी देवी पत्नी किस्तुराराम जाति जाट निवासी सोजटा
29. छोगाराम पुत्र अणदाराम जाति कलबी निवासी देवनगर
30. जीयाराम पुत्र पाबुराम जाति कलबी निवासी भाटोलाई
31. पूरोदेवी पत्नी जेठाराम जाति जाट
32. खेतूदेवी पत्नी पूराराम
33. हीरा पुत्र लिसमणा
34. गोरधनराम पुत्र रेखाराम
35. देवाराम पुत्र पूराराम
36. बाबुराम पुत्र पुरखाराम
37. मगाराम पुत्र पुराराम
38. मालाराम पुत्र पूराराम
39. शेराराम पुत्र पुरखाराम
40. हनुमानराम पुत्र रेखाराम
41. हरीराम पुत्र पुरखाराम जाति जाट निवासी ढीमडी
42. नावी पत्नी मांगा
43. पदमा पुत्र मांगा
44. मेहरा पुत्र मांगा जाति कलबी निवासी ढीमडी
45. देरामा पुत्र भेरा जाति जाट
46. अमरगर पुत्र रूपगर
47. देवनगर पुत्र रूपगर
48. नारायणगिरी लेहरों पत्नी रूपगर जाति स्वामी निवासी ढीमडी
49. लेहरो पत्नी रूपगर जाति स्वामी निवासी ढीमडी
50. राजूराम पुत्र प्रेमाराम जाति कलबी निवासी झोटडा
51. अखूदेवी पत्नी गोकला
52. परबताराम पुत्र अमराराम
53. भेराराम पुत्र गोकला
54. मेघाराम पुत्र गेनाराम
55. अणदाराम पुत्र अमराराम
56. अणसीदेवी पत्नी गेनाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.01.06 16:05:24 IST
Reason: SelfAttested

57. अमराराम पुत्र गोकला
58. दानाराम पुत्र गेनाराम
जाति कलबी निवासी ढीमडी तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

...........असल अप्रार्थीगण

59. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

................तकमीली अप्रार्थीगण

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः— श्री जगदीश कड़वासरा
अप्रार्थीगणः— एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः— 05.01.2026

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—111, 128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 21 / 4.9938 है0, 22 / 0.8498 है0, 22 / 2 / 0.1619 है0, 36 / 11.2907 है0 मौजा ढीमडी पटवार मण्डल बांटा तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुड़ामालानी के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुड़ामालानी के आदेश दिनांक 13.11.2024 की पालना में दिनांक 15.11.2024 को पटवारी हल्का बांटा द्वारा उक्त आराजी का सीमांकन करवाया गया। परन्तु अप्रार्थीगण मौके पर असंतुष्ट होकर पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी खसरा संख्या 21 / 4.9938 है0, 22 / 0.8498 है0, 22 / 2 / 0.1619 है0, 36 / 11.2907 है0 मौजा ढीमडी पटवार मण्डल बांटा तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर की पत्थरगढ़ी दिनांक 15.11.2024 की सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.01.06 16:05:24 IST
Reason: SelfAttested

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।
3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 15.11.2024 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार है:–

> ***111. Decision of disputes as to boundaries****.—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार है:–

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.01.06 16:05:24 IST
Reason: SelfAttested

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2075–78 वाकै ग्राम ढीमडी में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुडामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम ढीमडी के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 15.11.2024 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुडामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा–128 भू–राजस्व अधिनियम–1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 21/4.9938 है0, 22/0.8498 है0, 22/2/0.1619 है0, 36/11.2907 है0 मौजा ढीमडी पटवार मण्डल बांटा तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार गुडामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना–अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुडामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 05.01.2026 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.01.06 16:05:24 IST
Reason: SelfAttested